भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय
(सामान्य प्रशासन)

Office of the Registrar
(General Administration)

पत्र संख्या. भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)/सा.प्रशा./1(29)/PAIS/5213 दिनांक: 14.07.2026

## सूचना

संचालक मण्डल (Board of Governors) की दिनांक 12.05.2026 को आयोजित 24वीं बैठक में प्राप्त अनुमोदन के अनुपालन में, संस्थान में **भौतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं स्वायत्त प्रणाली स्कूल (School of Physical AI and Autonomous Systems-PAIS)** की स्थापना तत्काल प्रभाव से की जाती है।

यह स्कूल **भौतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Physical Artificial Intelligence – Physical AI)** एवं **स्वायत्त प्रणालियों (Autonomous Systems)** के उभरते हुए क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने हेतु एक **बहुविषयक शैक्षणिक एवं अनुसंधान मंच** के रूप में स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, बुद्धिमान सामग्री (Intelligent Materials), संवेदन (Sensing), नियंत्रण (Control), एम्बेडेड प्रणालियाँ (Embedded Systems) तथा साइबर-भौतिक प्रणालियों (Cyber-Physical Systems) का समेकन करते हुए ऐसी बुद्धिमान स्वायत्त प्रौद्योगिकियों का विकास करना है, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत कर सकें।

यह स्कूल संस्थान के विभिन्न विभागों एवं स्कूलों के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर **अंतर्विषयी अनुसंधान एवं नवाचार के उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence)** के रूप में कार्य करेगा। यह स्वायत्त प्रणालियों, रोबोटिक्स, एम्बॉडीड एआई (Embodied AI), बुद्धिमत्तापूर्ण विनिर्माण (Intelligent Manufacturing), स्वास्थ्य सेवा रोबोटिक्स (Healthcare Robotics), कृषि रोबोटिक्स (Agricultural Robotics), एआई-सक्षम सामग्री (AI-enabled Materials), ड्रोन प्रौद्योगिकी, साइबर-भौतिक प्रणालियों, मशीनी बुद्धिमत्ता (Machine Intelligence) तथा अन्य संबद्ध क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान, उन्नत शिक्षा, प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान के व्यावहारिक अनुप्रयोग (Translational Innovation) को प्रोत्साहित करेगा।

यह स्कूल अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं, रोबोटिक्स एवं स्वायत्त प्रणालियों की सुविधाओं, एआई संगणना (AI Computing) अवसंरचना, सिमुलेशन एवं डिजिटल ट्विन प्रयोगशालाओं, स्वायत्त प्रणालियों के परीक्षण केंद्रों, प्रशिक्षण स्टूडियो तथा सहयोगात्मक अनुसंधान एवं नवाचार स्थलों सहित एक आधुनिक अनुसंधान एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र (State-of-the-art Ecosystem) के विकास को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही, यह अंतर्विषयी परियोजनाओं, उद्योगों के साथ सहयोग, अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों, प्रायोजित अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बौद्धिक संपदा (Intellectual Property) सृजन, स्टार्टअप संवर्धन तथा अनुसंधान परिणामों के व्यावसायीकरण को भी बढ़ावा देगा।

**PAIS** की स्थापना से आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी की अगली पीढ़ी की बुद्धिमान प्रणालियों (Next-generation Intelligent Systems) के क्षेत्र में क्षमता को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किए जाने की परिकल्पना की गई है। यह स्कूल अंतर्विषयी शिक्षा, अनुसंधान उत्कृष्टता, प्रौद्योगिकीय आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए भारतीय परिस्थितियों एवं रणनीतिक क्षेत्रों—जैसे कृषि, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, अवसंरचना, गतिशीलता (Mobility), रक्षा तथा स्मार्ट उद्योगों—के अनुरूप बुद्धिमान प्रणालियों के विकास पर विशेष बल देगा। इसके माध्यम से संस्थान को **भौतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं स्वायत्त प्रणालियों** के क्षेत्र में एक अग्रणी राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य है।

प्रारम्भिक चरण में यह केंद्र **आभासी (Virtual) एवं अंतरविषयी (Interdisciplinary) स्वरूप** में कार्य करेगा तथा संस्थान के विभिन्न विभागों/विद्यालयों में उपलब्ध विशेषज्ञता, प्रयोगशालाओं एवं संस्थागत संसाधनों का उपयोग करेगा।

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी की जाती है।

**उप-कुलसचिव (प्रशासन-III)**

पत्र संख्या. भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)/सा.प्रशा./ 1(29)/PAIS/5213 दिनांक: 14.07.2026

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:*

1. समस्त अधिष्ठातागण
2. समस्त सह-अधिष्ठातागण
3. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक
4. ईकाई/केंद्र/कार्यालयों के समन्वयक/प्रभारी
5. समस्त आचार्य प्रभारी
6. आचार्य प्रभारी, श्रीनिवास देशपांडे ग्रंथालय
7. अध्यक्ष, संस्थान अवसंरचना योजना समिति
8. अध्यक्ष, संरक्षक परिषद
9. अध्यक्ष, वेब प्रबंधन एवं ई-मेल सेवा समिति-*इस अनुरोध के साथ कि* ***उक्त सूचना को संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।***
10. समन्वयक, जीटीएसी
11. समन्वयक, आईआईटी (बीएचयू)-कैफेटेरिया
12. मुख्य काउन्सलर, जिमखाना
13. मुख्य आरक्षाधिकारी
14. अध्यक्ष, प्रेस एवं प्रचार समिति
15. समस्त संयुक्त कुलसचिव
16. समस्त उप कुलसचिव
17. समस्त सहायक कुलसचिव (वरिष्ठ वेतनमान)/सहायक कुलसचिव
18. निदेशक के निजी सचिव
19. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक

<u>भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)</u>

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय (सामान्य प्रशासन)

**Office of the Registrar (General Administration)**

**Ref. No. IIT(BHU)/GAD/1(29)/PAIS/5213** **Date:14.07.2026**

## NOTICE

In pursuance of the approval accorded by the Board of Governors (BoG), in its **24th Meeting held on 12.05.2026**, the **School of Physical AI and Autonomous Systems (PAIS)** is hereby established at the Institute with immediate effect.

The School has been established as a multidisciplinary academic and research platform to advance education, research, innovation and technology development in the emerging field of **Physical Artificial Intelligence (Physical AI)** and **Autonomous Systems**. The School aims to integrate Artificial Intelligence, Robotics, Intelligent Materials, Sensing, Control, Embedded Systems and Cyber-Physical Systems to develop intelligent autonomous technologies capable of addressing national priorities and global challenges.

The School shall function as a Centre of Excellence for interdisciplinary research and innovation by bringing together faculty members, researchers, students and experts from various Departments and Schools of the Institute. It shall promote collaborative research, advanced education, technology development and translational innovation in areas including autonomous systems, robotics, embodied AI, intelligent manufacturing, healthcare robotics, agricultural robotics, AI-enabled materials, drone technologies, cyber-physical systems, machine intelligence and other allied domains.

The School will facilitate the creation of a state-of-the-art ecosystem comprising advanced research laboratories, robotics and autonomous systems facilities, AI computing infrastructure, simulation and digital twin laboratories, autonomous systems testing facilities, training studios and collaborative research and innovation spaces. It shall also encourage interdisciplinary projects, industry collaborations, international partnerships, sponsored research, technology transfer, intellectual property generation, startup promotion and commercialization of research outcomes.

The establishment of PAIS is envisaged to significantly strengthen IIT (BHU), Varanasi's capabilities in next-generation intelligent systems by promoting interdisciplinary education, research excellence, technological self-reliance and indigenous innovation. The School will focus on developing intelligent systems tailored to Indian conditions and strategic sectors including agriculture, healthcare, manufacturing, infrastructure, mobility, defence and smart industries, thereby positioning the Institute as a leading national centre for Physical AI and Autonomous Systems.

The School shall **initially function in a virtual and interdisciplinary mode** by utilizing the existing expertise, laboratories and institutional resources available across various Departments/Schools of the Institute.

This is issued with the approval of the Competent Authority.

**Deputy Registrar (Admin.-III)**

**P.T.O.→**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(का.हि.वि.) वाराणसी – 221005 भारत
Indian Institute of Technology(BHU) Varanasi-221005 India
Tel. No. : 0542-2366676 Fax No. : 0542-2368428 Email: office.gad@itbhu.ac.in Web: iitbhu.ac.in

O

**Ref. No. IIT(BHU)/GAD/1(29)/PAIS/ 5213** **Date:14.07.2026**

*Copy forwarded to the following for information & necessary action:*

1. All the Deans
2. All the Associate Deans
3. All the Heads of Departments/Coordinators of Schools
4. The Coordinators/In charge of Units/Centers/Offices
5. All the Professor In-charges
6. Professor In-charge, Shreenivas Deshpande Library
7. The Chairman, Institute Infrastructure Planning Committee (IIPC)
8. The Chairman, Council of Wardens
9. The Head, Centre for Computing and Information Services (CCIS) – *With the request to upload the notice on the Institute's website*
10. The Coordinator, GTAC
11. The Coordinator, IIT-Cafeteria
12. The Chief Councilor, Gymkhana
13. The Chief Proctor
14. The Chairman, Press & Publicity Committee
15. All the Joint Registrars
16. All the Deputy Registrars
17. All the Assistant Registrars
18. Person Concerned
19. P.S. to Director
20. P.A. to Registrar

**Indian Institute of Technology (Banaras Hindu University).**